## PART - III

### हरियाणा सरकार

खाद्य तथा पूर्ति विभाग

### अधिसूचना

दिनांक 12 मई, 2011

**संख्या का०आ० 42/के०अ० 1/2010/धा० 53/2011.**—विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 (2010 का केन्द्रीय अधिनियम 1), की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा केन्द्रीय सरकार से परामर्श के बाद हरियाणा सरकार, खाद्य तथा पूर्ति विभाग, अधिसूचना संख्या का०आ० 38/के०अ० 1/2010/धा० 53/2011, दिनांक 5 अप्रैल, 2011, के प्रति निदेश से, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

संक्षिप्त नाम ।

**1.** ये नियम हरियाणा विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011, कहे जा सकते हैं।

परिभाषाएं ।

**2.** (1) इन नियमों में, जब तक सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(क) "अधिनियम" से अभिप्राय है, विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 (2010 का केन्द्रीय अधिनियम 1);

(ख) "निर्देश मानक प्रयोगशाला" से अभिप्राय है, अधिनियम के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित प्रयोगशाला जहां निर्देश मानक, द्वितीय मानक और कार्यकारी मानक अनुरक्षित किये जाते है;

(ग) "अनुसूची" से अभिप्राय है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची ;

(घ) "सरकार" से अभिप्राय है, प्रशासनिक विभाग में हरियाणा राज्य की सरकार ।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित, शब्दों और अभिव्यक्तियों के क्रमशः वही अर्थ होंगे जो उन्हें अधिनियम में दिये गये हैं।

कतिपय मामलों में बाटों या मापों या संख्याओं का उपयोग । धारा 10

**3.** अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट वस्तुओं के मामले के सिवाय, प्रत्येक संव्यवहार, व्यवहार या संविदा में, या संरक्षण के लिए मात्रा की घोषणा-

(क) यदि वस्तु ठोस, अर्ध-ठोस, विस्कास या ठोस और द्रव का मिश्रण है, तो वजन की इकाई के रूप में होगी ;

(ख) यदि वस्तु का रेखीय माप द्वारा विक्रय किया जाता है, तो लम्बाई की इकाई के रूप में होगी ;

(ग) यदि वस्तु का क्षेत्रीय माप द्वारा विक्रय किया जाता है, तो क्षेत्र की इकाई के रूप में होगी ;

(घ) यदि वस्तु द्रव है या उसका विक्रय घनीय माप द्वारा किया जाता है, तो आयतन की इकाई के रूप में होगी ; या

(ङ) यदि वस्तु का विक्रय संख्या में किया जाता है, तो संख्या की इकाई के रूप में होगी ।

विनिर्माता, मरम्मत करने वाला और व्यवहारी को लाइसेन्स देना। धारा 23

4. (1) प्रत्येक विनिर्माता या मरम्मत करने वाला या व्यवहारी लाइसेंस जारी करने के लिये अनुसूची-II, III या IV, जैसी भी स्थिति हों, में नियन्त्रक विधिक माप विज्ञान को आवेदन करेगा :

परन्तु विनिर्माता द्वारा किसी बाट या माप, जिसका विनिर्माण उसके द्वारा किया गया है और उसमें विनिर्माण के राज्य से भिन्न किसी अन्य राज्य में उपयोग किया जाता है, कि मरम्मत करने के लिये किसी मरम्मतकर्ता लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होगी, किन्तु विनिर्माता को मरम्मत करने के बारे में सम्बन्धित विधिक माप विज्ञान अधिकारी को, अग्रिम में सूचित करना होगा ।

(2) प्रत्येक विनिर्माता, मरम्मत करने वाला या व्यवहारी लाइसेंस की विधिमान्यता की समाप्ति से पूर्व तीस दिन के भीतर अनुसूची-V, VI या VII, जैसी भी स्थिति हों, में नियंत्रक विधिक माप विज्ञान को लाइसेंस के नवीकरण के लिये आवेदन करेगा :

परन्तु अनुसूची XI में विनिर्दिष्ट पूर्ण दर पर अतिरिक्त फीस आवेदक द्वारा देय होगी यदि उसे लाइसेंस की समाप्ति की तिथि से तीन मास की अवधि के भीतर लाइसेंस के नवीकरण के लिए आवेदन करने हेतु नियंत्रक द्वारा अनुमत किया जाता है।

(3) किसी विनिर्माता, मरम्मत करने वाला या व्यवहारी को जारी किया गया प्रत्येक लाइसेंस अनुसूची VIII, IX या X, जैसी भी स्थिति हों, में दिये गये समुचित प्ररूप में होगा ।

(4) किसी विनिर्माता, मरम्मत करने वाला या व्यवहारी को जारी किया गया प्रत्येक लाइसेंस अनुसूची X में यथा विनिर्दिष्ट फीस के भुगतान पर एक कैलेन्डर वर्ष की न्यूनतम अवधि के लिये विधिमान्य होगा और एक वर्ष से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिये नवीकृत किया जा सकेगा।

(5) लाइसेंस में संशोधन या लाइसेंस की द्वितीय प्रति जारी करने के लिये देय फीस अनुसूची XI में यथा विनिर्दिष्ट लाईसेंस फीस की आधी होगी।

(6) नियंत्रक अनुसूची XII में निर्दिष्ट प्ररूप अनुज्ञप्त विनिर्माताओं, व्यवहारियों और मरम्मत करने वालों का एक रजिस्टर रखेगा।

(7) अधिनियम और इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्त प्रत्येक विनिर्माता, मरम्मतकर्ता या व्यवहारी, लाइसेंस के निबन्धनों तथा शर्तों के अनुसार ऐसी कार्यशाला/उपस्कर/औजार/रजिस्टर आदि, जैसी भी स्थिति हो, बनाये रखेगा ।

(8) अधिनियम और इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्त प्रत्येक मरम्मतकर्ता, प्रत्येक लाइसेंस के लिये राज्य सरकार को ऐसी प्रतिभूति जमा करेगा जैसा अनुसूची XIII में विनिर्दिष्ट है ।

(9) इस अधिनियम के अधीन जारी या नवीकृत प्रत्येक लाइसेंस, जहाँ लाइसेंसी कारबार किया जाता है, वहां उन परिसरों में किसी सहजदृश्य स्थल पर प्रदर्शित किया जायेगा ।

(10) इस अधिनियम के अधीन जारी किया गया या नवीकृत लाइसेंस न तो विक्रय योग्य होगा और न ही हस्तान्तरणीय होगा ।

दिये गये लाइसेंस का निलम्बन और निरस्तीकरण। धारा 23

5. (1) नियंत्रक यदि पर्याप्त कारणों से उसका समाधान हो जाता है कि इस अधिनियम के अधीन दिये गये, नवीकृत किये गये या बनाये रखे गये किसी लाइसेंस के धारक ने लाइसेंस दिये जाने, नवीकरण किये जाने या बनाये रखने के लिए किसी आवेदन पत्र के किसी कथन में या उसके सम्बन्ध में कोई सूचना दी है, जो कि किसी तात्विक विशिष्टियों में गलत या असत्य है, या अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियम या किए गए आदेश के किसी उपबन्ध का उल्लंघन करता है तो ऐसा लाइसेंस निलम्बित कर सकता है :

परन्तु ऐसा कोई भी लाइसेंस तब तक निलम्बित नहीं किया जायेगा, जब तक उसने धारक को प्रस्तावित कार्यवाही के विरुद्ध कारण बताने के लिये पर्याप्त अवसर न दिया गया हो ।

(2) नियन्त्रक इस मामले में अंतिम निर्णय लेने से पूर्व जांच करवा सकता है :

परन्तु जहां निर्दिष्ट जांच लाइसेंस के निलम्बन की तिथि से तीन माह की अवधि के अन्दर जाँच पूर्ण नहीं होती है, तो ऐसा निलम्बन उक्त अवधि की समाप्ति पर निष्प्रभावी हो जायेगा ।

(3) नियन्त्रक, ऐसी किसी जाँच के बाद जिसे वह उचित समझें, यदि सन्तुष्ट हो जाता है कि किसी लाइसेंस धारक ने उपनियम (1) में उल्लिखित प्रकृति की कोई असत्य या गलत सूचना दी है या उस उपनियम में उल्लिखित किसी विधि या आदेश का उल्लंघन किया है, तो वह ऐसे लाइसेंस को निरस्त कर सकता है :

परन्तु ऐसा कोई भी लाइसेंस तब तक निरस्त नहीं किया जायेगा जब तक धारक को प्रस्तावित कार्यवाही के विरुद्ध कारण बताने के लिये पर्याप्त अवसर न दिया गया हो ।

(4) प्रत्येक व्यक्ति जिसका लाइसेंस निलम्बित या निरस्त कर दिया गया है, ऐसे निलम्बन के तत्काल बाद से ऐसे लाइसेंसी के रूप में कार्य करना बन्द कर देगा और ऐसे लाइसेंसी के रूप में तब तक व्यवसाय पुनः आरम्भ नहीं करेगा जब तक ऐसे निलम्बन का आदेश निष्प्रभावी न कर दिया जाये अथवा हो जाये ।

(5) प्रत्येक लाइसेंसी जिसका लाइसेंस निलम्बित या निरस्त कर दिया गया है, ऐसे निलम्बन या निरस्तीकरण के बाद, जैसी भी स्थिति हो, ऐसे लाइसेंस को उस प्राधिकारी को जिसके द्वारा ऐसा लाइसेंस दिया गया था अभ्यर्पित कर देगा।

(6) प्रत्येक लाइसेंसी जिसका लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है, ऐसे निरस्तीकरण की तिथि से तीस दिनों की अवधि के अन्दर नियंत्रक पर्याप्त कारण बताये जाने पर ऐसी बढ़ायी गयी अवधि जो तीन मास से अनधिक हो, के अन्दर ऐसे बाटों और मापों का जो ऐसे निरस्तीकरण की तिथि को उसके अधिकार, अभिरक्षा या नियंत्रण में थे, को अनुज्ञात करेगा, निस्तारण करेगा, और ऐसा करने में उसके असफल रहने पर नियंत्रक लिखित रूप में इस निमित्त उनको जब्त करेगा और निपटान करेगा।

विनिर्माताओं द्वारा अभिलेख का रखा जाना। धारा 17

6. अधिनियम और इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्त प्रत्येक विनिर्माता या मरम्मत करने वाला या व्यवहारी अनुसूची XIV, XV या XVI, जैसी भी स्थिति हों, में निर्दिष्ट समुचित प्ररूप में अभिलेख और रजिस्टर रखेगा तथा नियंत्रक को ऐसी नियतकालिक सूचनायें/विवरण भी प्रस्तुत करेगा।

बाटों या मापों का सत्यापन और निरीक्षण। धारा 24

7. (1) प्रत्येक ऐसा व्यक्ति जो किसी संव्यवहार में या संरक्षण के लिये किसी बाट या माप का उपयोग कर रहा है, ऐसे बाट या माप के सत्यापन/पुनः सत्यापन के लिये विधिक माप विज्ञान अधिकारी के कार्यालय में उस दिनांक को या उसके पूर्व प्रस्तुत करेगा जिस को सत्यापन देय बनता है :

परन्तु जहां कोई बाट या माप ऐसा है कि उसे उसके स्थान से हटाया नहीं जा सकता या हटाया नही जाना चाहिये, वहां वह व्यक्ति, जो ऐसे बाट या माप का उपयोग कर रहा है, उस दिनांक से, जिस को सत्यापन देय बनता है, को कम से कम तीस दिन पूर्व विधिक माप विज्ञान अधिकारी को रिपोर्ट करेगा ।

(2) जहां कोई बाट या माप ऐसा है कि वह उसके स्थान से हटाया नहीं जा सकता या हटाया नहीं जाना चाहिये, वहां विधिक माप विज्ञान

अधिकारी ऐसे बाट या माप की अवस्थिति के स्थान पर उसके सत्यापन के लिए आवश्यक कदम उठायेगा ।

(3) उपनियम (2) में निर्दिष्ट बाट या माप के सत्यापन के लिए उपभोक्ता ऐसी सुविधायें देगा जैसा नियन्त्रक द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाये ।

(4) सत्यापन के लिए प्रस्तुत किया गया प्रत्येक बाट या माप स्वयं में पूर्ण होगा ।

(5) प्रत्येक बाट या माप साफ-सुथरी हालत में सत्यापित किया जायेगा और यदि आवश्यक हुआ तो विधिक माप विज्ञान अधिकारी स्वामी या प्रयोगकर्ता से इस प्रयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्था करने की अपेक्षा करेगा ।

(6) कोई विधिक माप विज्ञान अधिकारी किसी बाट या माप का, जिसका किसी संव्यवहार में या संरक्षण के लिये उपयोग किया जा रहा है या किया जाना आशियत है या सम्भाव्य है, निरीक्षण और परीक्षण करने के लिये अपनी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर प्रत्येक परिसर यथासम्भव बार-बार निरीक्षण करेगा ।

(7) विधिक माप विज्ञान अधिकारी किसी बाट या माप पर लगाये गये स्टैम्प को मिटा देगा, यदि निरीक्षण के समय पाया जाता है कि ;

(क) कोई बाट या माप जिसका पुन: सत्यापन होना था, ऐसे पुन: सत्यापन के लिये प्रस्तुत नहीं किया गया ;

(ख) कोई बाट या माप जो अधिनियम द्वारा या उसके अधीन स्थापित मानकों के अनुरूप नहीं है :

परन्तु जहाँ विधिक माप विज्ञान अधिकारी की राय है कि ऐसे बाट या माप में त्रुटि या अशुद्धि ऐसी नहीं होती है कि स्टैम्प मिटाया जाना तत्काल आवश्यक है, तो वह बाट या माप में पायी गयी त्रुटि या अशुद्धि की सूचना उपभोक्ता को देगा और उपभोक्ता से ऐसे समय के अन्दर जो आठ दिनों से अधिक नहीं होगा, त्रुटि या अशुद्धि को हटाने के लिये कहेगा और –

(i) यदि प्रयोगकर्ता उस अवधि में त्रुटि या अशुद्धि को हटाने में असफल रहता है तो स्टैम्प मिटा देगा ; या

(ii) यदि त्रुटि या अशुद्धि को इस प्रकार हटा दिया जाता है कि वह बाट या माप अधिनियम द्वारा या उसके अधीन स्थापित मानकों के अनुरूप हो जाये तो ऐसे बाट या माप का सत्यापन और स्टाम्पन करेगा ।

**स्पष्टीकरण:-** किसी बाट या माप पर स्टैम्प को मिटाने के लिए, विधिक माप विज्ञान अधिकारी के ऐसे बाट या माप को जब्त करने के अधिकार को अलग या कम नहीं करेगा ।

बाटों या मापों को स्टाम्पित करना । धारा 24

8. (1) विधिक माप विज्ञान अधिकारी, यदि निरीक्षण और सत्यापन के पश्चात् उसका यह समाधान हो जाता है कि ऐसा बाट या माप अधिनियम द्वारा या उसके अधीन स्थापित मानकों के अनुरूप है, तो प्रत्येक बाट या माप को नियंत्रक द्वारा जारी एक ही प्रकार की डिजाइन की ऐसी स्टैम्प से स्टाम्पित करेगा, जिसमें प्रशासनिक प्रयोजनों के लिए उस विधिक माप विज्ञान अधिकारी को जो उसे स्टाम्पित करता है, आबंटित संख्या को सूचित करेगा :

परन्तु, यदि किसी बाट या माप के आकार या स्वरूप के कारण उस पर स्टैम्प लगाना वांछनीय या साध्य नहीं है, तो विधिक माप विज्ञान अधिकारी ऐसी कार्यवाही करेगा जैसा नियंत्रक द्वारा सामान्य या विशेष लिखित आदेश द्वारा निर्देश दिया जाये ।

(2) विधिक माप विज्ञान अधिकारी प्रत्येक सत्यापित बाट या माप पर स्टाम्पन का वर्ष और उस वर्ष की तिमाही भी, सिवाय उस दशा के जब ऐसे बाट या माप के आकार या प्रकृति के कारण ऐसा करना असाध्य हो, चिह्नित करेगा ।

**स्पष्टीकरण:-** कोई वर्ष चार तिमाहियों से मिलकर बना समझा जायेगा जिसमें से प्रथम तिमाही जनवरी, फरवरी और मार्च मास की होगी जिसे 'क' के रूप में चिह्नित किया जायेगा, द्वितीय तिमाही अप्रैल, मई और जून मास की होगी जिसे 'ख' के रूप में चिह्नित किया जायेगा, तृतीय तिमाही जुलाई, अगस्त और सितम्बर मास की होगी जिसे 'ग' के रूप में चिह्नित किया जायेगा और चतुर्थ तिमाही अक्तूबर, नवम्बर और दिसम्बर मास की होगी जिसे 'घ' के रूप में चिह्नित किया जायेगा ।

(3) सत्यापन और स्टाम्पन पूरा होने पर विधिक माप विज्ञान अधिकारी अनुसूची XVII में दिये गये प्ररूप में सत्यापन प्रमाण-पत्र जारी करेगा ।

(4) जहां कोई सत्यापन प्रमाण-पत्र गुम, या नष्ट या विकृत हो जाए वहां सत्यापन प्रमाण-पत्र का धारक सत्यापन प्रमाण-पत्र की द्वितीय प्रति जारी करने के लिये उस विधिक माप विज्ञान अधिकारी को तत्काल आवेदन करेगा जिसने प्रमाण-पत्र जारी किया। द्वितीय प्रमाण-पत्र की प्रति जारी करने के लिए प्रत्येक ऐसे आवेदन के साथ सौ ₹ की फीस संलग्न की जायेगी ।

(5) उपनियम (4) के अधीन आवेदन-पत्र प्राप्त होने पर विधिक माप विज्ञान अधिकारी आवेदक को सत्यापन प्रमाण-पत्र की द्वितीय प्रति जारी करेगा जिस पर "द्वितीय प्रति" चिह्नित होगा ।

सत्यापन और स्टाम्पन के लिए फीस । धारा 24

9. (1) विधिक माप विज्ञान अधिकारी के कार्यालय में बाट या माप के सत्यापन और स्टाम्पन के लिए देय फीस वह होगी जो अनुसूची XVIII में विनिर्दिष्ट है ।

(2) यदि बाट या माप के उपभोक्ता के अनुरोध पर सत्यापन विधिक माप विज्ञान अधिकारी के कार्यालय से भिन्न किसी परिसर पर किया जाता है, तो अनुसूची XVIII में विनिर्दिष्ट दर की आधी दर पर अतिरिक्त फीस प्रभारित की जायेगी और बाट या माप का प्रयोगकर्ता परिसर का निरीक्षण करने के लिये विधिक माप विज्ञान अधिकारी द्वारा किये गये व्यय का, जिसके अन्तर्गत मानक और अन्य उपकरण के परिवहन और उसकी उठाई-धराई का व्यय भी है, भुगतान करेगा जो कम से कम ₹ 100 के अध्यधीन होगा :

परन्तु निम्नलिखित बाट या माप के यथावत सत्यापन और स्टाम्पन के लिए कोई अतिरिक्त फीस प्रभारित नहीं की जायेगी ,-

(i) पेट्रोलियम पदार्थों तथा अन्य द्रवों के लिये यान की टंकी (वेहिकिल टैंक), पानी से भिन्न अन्य द्रवों की मीटर (फयूल डिस्पेन्सर, द्रवित पेट्रोलियम गैस, दूध डिस्पेंन्सर), सम्पीड़ित (कम्प्रेस्ड) प्राकृतिक गैस डिस्पेन्सर, गैर-स्वचालित तौल यंत्र जैसे वेब्रिज, प्लेटफार्म मशीन, क्रेन स्केल, स्वचालित ग्रेविमेट्रिक फिलिंग यंत्र, स्वचालित रेल वेब्रिज, स्वचालित असतत योगीकरण तौल यंत्र, और ऐसे अन्य बाट या माप जिन्हें उनके स्थान से हटाया नहीं जा सकता, और हटाया नहीं जाना चाहिए ;

(ii) ऐसे बाट या माप के विनिर्माता या व्यवहारी के परिसर में बाट या माप ।

(3) यदि कोई बाट या माप स्टैम्प की विधिमान्यता की समाप्ति के पश्चात् पुनः सत्यापन के लिए विधिक माप विज्ञान अधिकारी को प्रस्तुत किया जाता है, तो अनुसूची XVIII में निर्दिष्ट दर की आधी दर पर अतिरिक्त फीस वर्ष की प्रत्येक तिमाही या उसके भाग के लिये देय होगी ।

(4) किसी विनिर्माता या व्यवहारी के स्टॉक में किसी बाट या माप के, उस दिनांक से जब उस पर अन्तिम बार स्टाम्पन किया गया था, पुनः स्टाम्पन के लिये कोई फीस देय नहीं होगी, परन्तु जब मूल स्टैम्प मिटा न दी गई हो ।

(5) कोई बाट या माप जिसे सत्यापन/निरीक्षण पर ठीक न पाया जाये समायोजन के लिए सम्बन्धित व्यक्ति को उसमें पायी गई त्रुटियों की, उसे जानकारी देते हुए, और उन त्रुटियों को आठ दिन से अनधिक अवधि के भीतर दूर करने की उससे अपेक्षा करते हुए लौटा दिया जायेगा । जब आवश्यक समायोजन कर दिया गया हो, तब ऐसे बाट या माप का अनुसूची XVIII में विनिर्दिष्ट फीस के भुगतान पर सत्यापन किया जायेगा और यदि ठीक पाया जाये तो उसे स्टाम्पित किया जायेगा ।

फीस का संग्रहण और उसका कोषागार में जमा किया जाना । धारा 24

**10.** (1) सत्यापन या पुनः सत्यापन का कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व विधिक माप विज्ञान अधिकारी सम्बन्धित व्यक्ति को उसके द्वारा देय फीस की सूचना देगा और जैसा नियंत्रक द्वारा प्राधिकृत किया जाये उस रीति से उसे प्राप्त करेगा और नियंत्रक द्वारा अनुमोदित प्ररूप में रसीद देगा, ऐसी रसीद की एक प्रति अभिलेख में रखी जाएगी :

परन्तु राज्य सरकार के किसी विभाग द्वारा इस नियम के अधीन देय फीस की वसूली ऐसी रीति में की जा सकेगी जैसा नियंत्रक द्वारा निर्देशित की जाये ।

(2) विधिक माप विज्ञान अधिकारी नियंत्रक द्वारा अनुमोदित प्ररूप में एक रजिस्टर रखेगा जिसे दिन प्रतिदिन लिखा जायेगा और उसमें उस दिन के दौरान संग्रह की गई फीस और अन्य प्रभार की धनराशि दिखायी जायेगी ।

(3) सप्ताह के दौरान विधिक माप विज्ञान अधिकारी द्वारा प्राप्त किये गये समस्त भुगतान सरकारी कोषागार में समुचित "लेखा शीर्ष" के अधीन ऐसे दिनांकों या दिनों को भुगतान किये जायेंगे जैसा नियंत्रक द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट किया जाये और उनकी रसीद प्राप्त की जायगी और उस आशय की सूचना नियंत्रक या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत अन्य अधिकारी को भेजी जायेगी ।

नियमों के उल्लंघन के लिए शासित। धारा 53

**11.** जो कोई इन नियमों के किसी उपबन्ध का, जिसके उल्लंघन के लिए किसी दण्ड का अधिनियम में पृथक् रूप से कोई उपबन्ध नहीं किया गया है, उल्लंघन करेगा, वह जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो पाँच हजार ₹ तक हो सकता है ।

अपील का प्ररूप । धारा 50

**12.** (1) अधिनियम और इन नियमों के अधीन प्रत्येक अपील अनुसूची XIX में निर्दिष्ट प्ररूप में प्रस्तुत की जायेगी और जिस आदेश के विरुद्ध अपील की गई है उसकी एक प्रति उसके साथ लगाई जायेगी ।

(2) राज्य सरकार को अपील करने के लिये ₹ 500 की फीस का तथा नियंत्रक को अपील करने के लिये ₹ 200 की फीस का नगद द्वारा या उक्त

धनराशि की कोर्ट फीस टिकट लगाकर, जैसी भी स्थिति हों, भुगतान किया जायेगा ।

13. अधिनियम के अधीन किए गए अपराधों के प्रशमन हेतु फीस वह होगी जो अनुसूची XX में विनिर्दिष्ट है। अपराधों के प्रशमन के लिए फीस। धारा 48

14. हरियाणा बाट तथा माप मानक (प्रवर्तन) नियम, 1995, इसके द्वारा, निरसित किए जाते है : निरसन तथा व्यावृत्ति।

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई आदेश या की गई कोई कार्रवाई इन नियमों के उपबन्धों के अनुरूप किया गया आदेश या की गई कार्रवाई समझी जायेगी।

## अनुसूची-I

*[देखिये नियम 3]*

निम्नलिखित वस्तुएँ भार, माप या संख्या द्वारा बेची जायेंगी जैसा कि वस्तु के सामने दिया गया है ।

| क्रम संख्या | वस्तु | क्या घोषणा बाट, माप या संख्या के रूप में या उनमें से दो या अधिक के रूप में अभिव्यक्त की जानी है । |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | ऐरोसाल उत्पाद | भार |
| 2 | द्रव के रूप में ऐसिड | भार या आयतन |
| 3 | सम्पीडित या द्रवित गैस (किन्तु द्रवित पेट्रोलियम गैस नहीं) | भार और समतुल्य आयतन उल्लिखित तापमान और दबाव पर |
| 4 | मक्खन (जिसके अन्तर्गत मूंगफली मक्खन भी है), पनीर दही, घी | भार |
| 5 | विद्युत केबिल | लम्बाई या भार |
| 6 | विद्युत तार | लम्बाई या भार |
| 7 | बाड़ लगाने के लिए तार | लम्बाई या भार |
| 8 | सुगन्ध रहित केश तेल | भार या आयतन |
| 9 | फल और सब्जी | संख्या या भार |
| 10 | भट्टी तेल | भार या आयतन |
| 11 | अलसी का तेल और अन्य वनस्पति तेल | भार या आयतन |
| 12 | भारी अवशिष्ट ईंधन तेल | भार |
| 13 | औद्योगिक डीजल ईंधन | आयतन |
| 14 | मधु, माल्ट-सार, गोल्डन सिरप ट्रीकल | भार |
| 15 | आइसक्रीम और अन्य सदृश हिमशीतित उत्पाद | भार या आयतन |
| 16 | द्रव रसायन | भार या आयतन |
| 17 | द्रवित पेट्रोलियम गैस | भार |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 18 | कील, लकड़ी के पेंच | संख्या या भार |
| 19 | पेन्ट(पेस्ट पेन्ट या ठोस पेन्ट से भिन्न) वार्निश और वार्निश स्टेन्स, इनेमल | आयतन |
| 20 | पापड़ | संख्या और भार |
| 21 | पेस्ट पेन्ट/ठोस पेन्ट | भार |
| 22 | रसगुल्ला, गुलाब जामुन और अन्य मधुर निर्मितियां | भार |
| 23 | तैयार वस्त्र | संख्या और आकार |
| 24 | सभी प्रकार के सॉस | भार |
| 25 | टायर और ट्यूब | संख्या |
| 26 | सूत | सूत का भार या लम्बाई |

## अनुसूची-II

*[देखिये नियम 4(1)]*

प्ररूप-एल.एम.-1

[ विनिर्माता के रूप में लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्र का प्ररूप]

सेवा में,

------------------------

------------------------

------------------------

| क्रम संख्या | प्रविष्टि आवेदक द्वारा भरा जाएगा | निरीक्षण अधिकारी की टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1. | 2. 3. | 4. |
| 1. | विनिर्माता समुत्थान(कनसर्न) का नाम जिसके लिये लाइसेंस वांछित है- | ............................ |
| 2. | समुत्थान का पूरा पता। यदि परिसर स्वामित्व में/किराये पर/पट्टे पर लिया गया है तो आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें । | ............................ |
| 3. | कर्मशाला/कारखाना की स्थापना की दिनांक - | ............................ |
| 4. | स्वत्वधारी (स्वत्वधारियों) और/या भागीदारों और लिमिटेड कम्पनी की स्थिति में प्रबन्ध निदेशक (निदेशकों) का (के) अपने पिता/पति के नाम के साथ नाम (नामों) और पता (पते)- | ............................ |
| 5. | कारखाने/दुकान/प्रतिष्ठान/नगरपालिका व्यवसाय लाइसेंस की रजिस्ट्रीकरण की दिनांक और वर्तमान संख्या- | ............................ |
| 6. | वर्तमान में विनिर्माण क्रियाकलापों की प्रकृति- | ............................ |
| 7. | विनिर्मित किए जाने के लिए प्रस्तावित बाटों तथा मापों की किस्म, अर्थात्<br>(i) बाट<br>(ii) माप | ............................ |

(iii) तौल के उपकरण

(iv) प्रत्येक मामले में ब्यौरे सहित माप के उपकरण

8. नियोजित/नियोजन के लिये प्रस्तावित व्यक्तियों की संख्या ............................

(i) कुशल

(ii) अर्ध कुशल

(iii) अकुशल

(iv) कार्यक्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त विशेषज्ञ

9. विनिर्मित किये जाने वाले बाटों और मापों पर ठप्पा लगाए जाने के लिए आशायित मोनोग्राम या व्यापार चिह्न ............................

10. स्वामित्वाधीन मशीनरी, औजार, उपसाधन जो बाटों, मापों आदि के विनिर्माण के लिये उपयोग में लाये जाते हैं, के ब्योरे- ............................

11. संधानशाला/कर्मशाला में सुविधाओं की व्यवस्थाओं का विवरण ............................
स्वामित्व में, या दीर्घकालिक पट्टे इत्यादि पर है -

12. अत्यावश्यक भागों आदि की इस्पात ढलाई और कठोरता परीक्षण के लिए सुविधायें या अन्य साधन - ............................

13. विद्युत ऊर्जा की उपलब्धता - ............................

14. सरकार या वित्तीय संस्थान से लिये गये ऋण का ब्योरा । यदि ऐसा है तो विवरण दीजिए -. ............................

15. बैंकरों का नाम, यदि कोई हो - ............................

16. वैट/बिक्रीकर पंजीकरण संख्या/सी०एस०टी० संख्या/ व्यवसाय कर पंजीकरण संख्या/आय कर पंजीकरण संख्या - ............................

17. क्या आपने इसके पहले भी विनिर्माता लाइसेंस के लिये आवेदन किया है ? यदि हां, तो कब और क्या परिणाम हुआ ? ............................

18. (क) क्या विनिर्मित की जानी वाली प्रस्तावित मद ..........................
(मदों) को राज्य के अन्दर या राज्य के बाहर
अथवा दोनों जगह विक्रय किया जायेगा ?

(ख) भारत सरकार से प्राप्त नमूना अनुमोदन का विवरण ।

(ग) आप अपने उत्पाद के नमूने, जिसके लिये
लाइसेंस चाहा गया है निरीक्षण के लिये कब
प्रस्तुत कर सकते हैं ।

**आवेदक (आवेदकों) द्वारा प्रमाणित किया जाए**

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने/हमने विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 और हरियाणा विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011 को पढ़ लिया है और मै/हम उनका और उनके अधीन जारी किये गये या जारी किये जाने वाले प्रशासनिक आदेशों और अनुदेशों का भी अनुपालन करने के लिये सहमत हूँ/है ।

मै/हम अनुसूचित लाइसेंस फीस नियंत्रक द्वारा ऐसा करने की अपेक्षा की जाने पर सरकार को शीघ्र जमा करने के लिए सहमत हूँ/है ।

ऊपर दी गई समस्त सूचना मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही है ।

स्थान ........................

दिनांक ........................ ----------------------

हस्ताक्षर और पदनाम

**राज्य सरकार के विभागीय अधिकारी द्वारा भरा जाए**

आवेदन प्राप्ति की तिथि : ----------------------

आवेदन की क्रम संख्या : ----------------------

निरीक्षण की तिथि : ----------------------

निरीक्षण अधिकारी की संस्तुति: ----------------------

स्थान...........................................

दिनांक .........................................

----------------------

निरीक्षण अधिकारी के

हस्ताक्षर और पदनाम

**नियंत्रक का अन्तिम आदेश**

लाइसेंस स्वीकृत/अस्वीकृत किया जाता है :-

लाइसेंस संख्या .....................................

.....................................तक विधिमान्य ।

स्थान...........................................

दिनांक ........................................ --------------------

हस्ताक्षर और पदनाम

**अनुसूची-III**

*[देखिये नियम 4]*

प्ररूप-एल.आर.-1

[मरम्मतकर्ताओं के रूप में लाइसेंस के लिए आवेदन]

सेवा में,

-------------------------

-------------------------

-------------------------

| क्रम संख्या | प्रविष्टि | आवेदकों द्वारा भरा जाएगा | निरीक्षण अधिकारी की टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. |
| 1. | लाइसेंस चाहने वाले समुत्थान का नाम | | ------------------ |
| 2. | कर्मशाला का पूरा पता | | ------------------ |
| 3. | (क) क्या परिसर स्वामित्व में/किराये पर/पट्टे पर लिया गया है तो आवश्यक अभिलेख संलग्न करें। | | ------------------ |
| | (ख) स्थापना की तिथि | | |
| 4. | स्वात्वधारी (स्वात्वधारियों) और/या भागीदारों और लिमिटेड कम्पनी की स्थिति में प्रबन्ध निदेशक (निदेशकों) का (के) अपने पिता/पति के नाम के साथ नाम (नामों) और पता (पते)- | | ------------------ |
| 5. | दुकान/प्रतिष्ठान/चालू नगरपालिका व्यापार लाइसेंस की संख्या और तिथि | | ------------------ |
| 6. | व्यवसाय कर/आयकर पंजीकरण संख्या आदि, यदि कोई है | | ------------------ |
| 7. | मरम्मत किये जाने वाले प्रस्तावित बाटों और मापों की किस्म | | ------------------ |
| 8. | क्षेत्र जिसमें आप कार्य करना चाहते हैं | | ------------------ |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | कार्य क्षेत्र में अपना पूर्व अनुभव बतायें | ------------------ |
| 10. | नियोजित/नियोजन के लिये प्रस्तावित व्यक्तियों की संख्या | ------------------ |
| | (i) कुशल | |
| | (ii) अर्ध कुशल | |
| | (iii) अकुशल | |
| | (iv) कार्यक्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारी | |
| 11. | उपलब्ध मशीनरी/औजारों/उपसाधनों का विवरण | ------------------ |
| 12. | विद्युत ऊर्जा की उपलब्धता | ------------------ |
| 13. | क्या आपके पास उधार/परीक्षण बाट आदि का पर्याप्त स्टाक है ? कृपया उसका ब्योरा दीजिये | ------------------ |
| 14. | क्या आपने इस मरम्मतकर्ता लाइसेंस के लिए इससे पूर्व आवेदन किया है ? यदि हां, तो कब और इस आवेदन का क्या परिणाम हुआ ? | ---------------- |

### आवेदक (आवेदकों) द्वारा प्रमाणित किया जाए

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने/हमने विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 और हरियाणा विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन )नियम, 2011 को पढ़ लिया है और मैं/हम उनका और उनके अधीन जारी किये गये या जारी किए जाने वाले प्रशासनिक आदेशों और अनुदेशों का भी अनुपालन करने के लिऐ सहमत हूँ/है ।

मैं/हम अनुसूचित लाइसेंस फीस नियंत्रक द्वारा ऐसा करने की अपेक्षा की जाने पर सरकार को शीघ्र जमा करने के लिए सहमत हूँ/है ।

ऊपर दी गई समस्त सूचना मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही है ।

स्थान ............................................

दिनांक ......................................... ------------------

हस्ताक्षर और पदनाम

**राज्य सरकार के विभागीय अधिकारी द्वारा भरा जाए**

आवेदन प्राप्ति की तिथि :

आवेदन की क्रम संख्या :

निरीक्षण की तिथि :

निरीक्षण अधिकारी की संस्तुति:

स्थान ..........................................

दिनांक ........................................

---------------------

निरीक्षण अधिकारी के
हस्ताक्षर और पदनाम

**नियंत्रक का अन्तिम आदेश**

लाइसेंस स्वीकृत/अस्वीकृत किया जाता है ।

लाइसेंस संख्या .....................................

.....................................तक विधिमान्य ।

स्थान..........................................

दिनांक ........................................

-----------------

हस्ताक्षर और पदनाम

## अनुसूची-IV

*[देखिये नियम 4 ]*

प्ररूप-एल.डी.-1

[व्यवहारी के रूप में लाइसेंस के लिए आवेदन]

सेवा में,

------------------------

------------------------

------------------------

| क्रम संख्या | प्रविष्टि | आवेदक द्वारा भरा जाएगा | निरीक्षण अधिकारी की टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. |
| 1. | लाइसेंस चाहने वाले प्रतिष्ठान/दुकान/व्यक्ति का नाम | --------------- | |
| 2. | प्रतिष्ठान आदि का पूरा पता | --------------- | |
| 3. | स्थापना की तिथि | --------------- | |
| 4. | स्वत्वधारी (स्वत्वधारियों) और/या भागीदारों और लिमिटेड कम्पनी की स्थिति में प्रबन्ध निदेशक (निदेशकों) का (के) अपने पिता/पति के नाम (नामों) के साथ नाम और पता (पते)- | --------------- | |
| 5. | चालू दुकान/प्रतिष्ठान/चालू नगरपालिका व्यापार लाइसेंस की संख्या और पंजीकरण संख्या की तिथि | --------------- | |
| 6. | विक्रय के लिये वर्तमान में प्रस्तावित बाटों और मापों का प्रवर्ग- | --------------- | |
| 7. | वैट/सी०एस०टी०/व्यवसाय कर/आयकर/बिक्री कर पंजीकरण की संख्या- | --------------- | |
| 8. | क्या आप बाटों आदि का राज्य/देश से बाहर के स्थानों से आयात करना चाहते हैं ? यदि हां, तो उनकी पूर्ति का स्रोत बताइए । (विनिर्माता के व्यापार चिह्न/मोनोग्राम के ब्योरे और उसकी | --------------- | |

लाइसेंस संख्या दीजिए) और दीजिये -

(क) बाटों और मापों के आयातकर्ता की पंजीकरण संख्या, यदि कोई है;

(ख) भारत में आयात करने के लिये केन्द्रीय सरकार का नमूना अनुमोदन

9. क्या आपने कभी इस राज्य में या अन्यत्र व्यवहारी के लाइसेंस के लिए पहले भी आवेदन किया है ? यदि हां तो ब्योरे दीजिए। ----------------

**आवेदक (आवेदकों) द्वारा प्रमाणित किया जाए**

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने/हमने विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 और हरियाणा विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011 को पढ़ लिया है और मैं/हम उनका और उनके अधीन जारी किये गये या जारी किए जाने वाले प्रशासकीय आदेशों और अनुदेशों का भी अनुपालन करने के लिऐ सहमत हूँ/है ।

मैं/हम अनुसूचित लाइसेंस फीस नियंत्रक द्वारा ऐसा करने की अपेक्षा की जाने पर सरकार को शीघ्र जमा करने के लिए सहमत हूँ/है ।

ऊपर दी गई समस्त सूचना मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही है ।

स्थान.........................................

दिनांक .........................................

------------------------

हस्ताक्षर और पदनाम

**राज्य सरकार के विभागीय अधिकारी द्वारा भरा जाए**

आवेदन प्राप्ति की तिथि :

आवेदन की क्रम संख्या :

निरीक्षण की तिथि :

निरीक्षण अधिकारी की संस्तुति:

स्थान.........................................

दिनांक .........................................

------------------------

निरीक्षण अधिकारी के
हस्ताक्षर और पदनाम

**नियंत्रक का अन्तिम आदेश**

लाइसेंस स्वीकृत/अस्वीकृत किया जाता है ।

लाइसेंस संख्या ....................................

......................................तक विधिमान्य ।

स्थान............................................

दिनांक .........................................

--------------------

हस्ताक्षर और पदनाम

## अनुसूची-V

*[देखिये नियम 4 (2)]*

प्ररूप-एल.एम.-2

[विनिर्माता के रूप में लाइसेंस के नवीनकरण के लिए आवेदन]

सेवा में,

-------------------------

-------------------------

-------------------------

| क्रम संख्या | प्रविष्ट | आवेदक द्वारा भरा जाएगा | निरीक्षण अधिकारी की टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | विनिर्माता समुत्थान का नाम और पूरा पता, जिसके लिये लाइसेंस का नवीकरण वांछित है- | | --------------- |
| 2. | विनिर्माता लाइसेंस संख्या- | | --------------- |
| 3. | स्वत्वधारी (स्वत्वधारियों) और/या भागीदारों और लिमिटेड कम्पनी की स्थिति में प्रबन्ध निदेशक (निदेशकों) का (के) अपने पिता/पति के नाम के साथ नाम और पता (पते)- | | --------------- |
| 4. | (क) ऐसे बाटों और मापों की किस्म जिनका स्वीकृत लाइसेंस के अनुसार विर्निमित किया जाता है- | | --------------- |
| | (ख) क्या आप कोई परिवर्तन करना चाहते है ? | | --------------- |
| 5. | आपके द्वारा विनिर्मित बाटों और मापों पर प्रयुक्त मोनोग्राम या व्यापार चिह्न- | | --------------- |
| 6. | कर्मशाला में उपलब्ध सुविधाओं के ब्योरे- | | --------------- |
| 7. | विगत पाँच वर्षों में उत्पादन और विक्रय का विवरण- | | --------------- |
| 8. | दुकान/समुत्थान की पंजीकरण संख्या और दिनांक | | --------------- |
| 9. | वैट/बिक्रीकर/सी०एस०टी०/व्यवसाय कर/आयकर/ पंजीकरण संख्या- | | --------------- |

### आवेदक (आवेदकों) द्वारा प्रमाणित किया जाए

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने/हमने विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 और हरियाणा विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011 को पढ़ लिया है और मै/हम उनका और उनके अधीन जारी किये गये या जारी किए जाने वाले प्रशासकीय आदेशों और अनुदेशों का भी अनुपालन करने के लिऐ सहमत हूँ/है ।

मैंने/हमने दिनांक .......................... को उप कोषागार/बैंक में .......... ........... ₹ (केवल .................. ₹) की अनुसूचित लाइसेंस फीस जमा कर दी है और मूल चालान इसके साथ संलग्न है ।

उपरोक्त समस्त सूचना मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही है।

स्थान.................................

दिनांक ..............................

------------------------

हस्ताक्षर और पदनाम

## अनुसूची-VI

*[ देखिये नियम 4 (2) ]*

प्ररूप-एल.आर.-2

[मरम्मत करने वाले के रूप में लाइसेंस के नवीनकरण के लिए आवेदन]

सेवा में,

-------------------------

-------------------------

-------------------------

| क्रम संख्या | प्रविष्ट | आवेदक द्वारा भरा जाएगा | निरीक्षण अधिकारी की टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | लाइसेंस का नवीनकरण चाहने वाले मरम्मतकर्ता समुत्थान/व्यक्ति का नाम और पूरा पता- | | --------------- |
| 2. | मरम्मतकर्ता की लाइसेंस संख्या - | | --------------- |
| 3. | स्वत्वधारी (स्वत्वधारियों) और/या भागीदारों और लिमिटेड कम्पनी की दशा में प्रबन्ध निदेशक (निदेशकों) का (के) अपने पिता/पति के नाम के साथ नाम और पता (पते)- | | --------------- |
| 4. | वर्तमान दुकान/समुत्थान/नगरपालिका व्यापार लाइसेंस का पंजीकरण संख्या और दिनांक - | | --------------- |
| 5. | वैट/बिक्री कर/केन्द्रीय विक्रय कर/व्यवसाय कर/आयकर/पंजीकरण संख्या - | | --------------- |
| 6. | (क) ऐसे बाटों और मापों की किस्में जिनका स्वीकृत लइसेंस के अनुसार मरम्मत की जाती है- | | --------------- |
| | (ख) क्या आप कोई परिवर्तन करना चाहते है ? | | --------------- |
| 7. | क्षेत्र, जिसमें आप क्रियाशील है - | | --------------- |
| 8. | क्या आपके पास उधार/परीक्षण बाटों आदि का पर्याप्त स्टाक है- | | --------------- |
| 9. | स्टाम्पन की विशिष्टियों सहित ब्योरे दीजिए - | | --------------- |

## आवेदक (आवेदकों) द्वारा प्रमाणित किया जाए

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने/हमने विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 और हरियाणा विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011 को पढ़ लिया है । उनके अधीन जारी किये गये या जारी किए जाने वाले प्रशासकीय आदेशों और अनुदेशों का भी अनुपालन करने के लिऐं सहमत हूँ/है ।

मैंने/हमने दिनांक ........................ को उप कोषागार/बैंक में ....... ..............₹ (₹..................मात्र) की अनुसूचित लाइसेंस फीस जमा कर दी है और मूल चालान इसके साथ संलग्न है ।

ऊपरोक्त दी गई समस्त सूचना मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही है ।

स्थान................................

दिनांक ............................

-------------------

हस्ताक्षर और पदनाम

## अनुसूची-VII

*[ देखिये नियम 4 (2) ]*

प्ररूप-एल.डी.-2

[व्यवहारियों के रूप में लाइसेंस के नवीनकरण के लिए आवेदन]

सेवा में,

------------------------

------------------------

------------------------

| क्रम संख्या | प्रविष्ट | आवेदक द्वारा भरा जाएगा | निरीक्षण अधिकारी की टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | लाइसेंस का नवीनकरण चाहने वाले अधिष्ठान/दुकान/व्यक्ति का नाम और पता- | | --------------- |
| 2. | व्यवहारी लाइसेंस संख्या - | | --------------- |
| 3. | स्थापना का दिनांक- | | --------------- |
| 4. | स्वत्वधारी (स्वत्वधारियों) और/या भागीदारों और लिमिटेड कम्पनी की दशा में प्रबन्ध निदेशक (निदेशकों) का (के) अपने पिता/पति के नाम के साथ नाम और पता (पते)- | | --------------- |
| 5. | वर्तमान दुकान/समुत्थान/नगरपालिका व्यापार लइसेंस संख्या और दिनांक - | | --------------- |
| 6. | वर्तमान में बेचे जाने वाले बाटों और मापों का प्रवर्ग- | | --------------- |
| 7. | वैट/बिक्री कर/केन्द्रीय विक्रय कर/व्यवसाय कर/ आयकर/पंजीकरण संख्या- | | --------------- |
| 8. | क्या आप राज्य/देश के बाहर के स्थानों से बाटों और मापों आदि का आयात करना चाहते है ? यदि हां, तो राज्य (राज्यों)/देश(देशों) से आपूर्ति के स्त्रोत इंगित करें । (विनिर्माता के व्यापार चिह्न/मोनोग्राम का ब्योरा और उसकी लाइसेंस संख्या दीजिए) | | --------------- |

**आवेदक (आवेदकों) द्वारा प्रमाणित किया जाए**

प्रमाणित किया जाता है कि मैने/हमने विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 और हरियाणा विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011 को पढ़ लिया है और मै/हम उनका और उनके अधीन जारी किये गये या जारी किए जाने वाले प्रशासनिक आदेशों और अनुदेशों का भी अनुपालन करने के लिऐ सहमत हूँ/हैं ।

मैनें/हमने दिनांक ........................ को उप कोषागार/बैंक में ....... .............₹ (केवल .................₹) की अनुसूचित लाइसेंस फीस जमा कर दी है और मूल चालान इसके साथ संलग्न है ।

उपरोक्त समस्त सूचना मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही है।

स्थान..............................

दिनांक ............................

------------------

हस्ताक्षर और पदनाम

**अनुसूची-VIII**

*[देखिये नियम 4 (3)]*

प्ररूप-एल.एम.-3

विधिक माप विज्ञान नियन्त्रक का कार्यालय

**बाटों, मापों, तौल या माप के उपकरणों के विनिर्माण के लिये लाइसेंस**

लाइसेंस संख्या ................

वर्ष ....................

1. विधिक माप विज्ञान नियंत्रक इसके द्वारा

------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------

